देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंकः 193 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 5 नवंबर 2022

**विचार-प्रवाह...**
संयुक्त राष्ट्र का पॉवर्टी इंडेक्स





मौसम | अधिकतम 26.0° | न्यूनतम 16.0°

60717.35

2 इमरान ने शहबाज शरीफ पर लगाया आरोप

7 दूसरी हैट्रिक जोशुआ लिटिल के नाम

# तेजी से बिगड़ रही हवा की गुणवत्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर की हवा फिर खराब हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर तक पहुंच गया है। हवा की गुणवत्ता के तेजी से बिगड़ने की शुरुआत पिछले हफ्ते हुई। जहरीली होती हवा को कंट्रोल को करने के लिए सरकार कदम उठा रही है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली–एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से चिंता व्यक्त किया है। सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से नाखुश आयोग ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के मुख्य सचिवों को 10 नवंबर को तलब किया है। पराली को लेकर एक बार फिर राजनीति शुरू हो गई है। प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर दिल्ली एनसीआर पर पड़ता है, जिसके कारण एक एक राज्य दूसरे पर पराली जलाने को लेकर आरोप लगा रहे हैं। देश मे लगभग 550 टन फसलों के अवशेषों का उत्पादन होता है।

**दिल्ली में स्कूल बंदः** वायु प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने अहम फैसला लिया है। दिल्ली में कल से प्राइमरी स्कूल को बंद करने का एलान किया गया है। दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति ना सुधरने पर प्राइमरी स्कूल बंद ही रहेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, हम प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। हम कल से दिल्ली के सभी प्राथमिक स्कूलों को बंद कर रहे हैं। साथ ही कक्षा 5 से ऊपर की सभी कक्षाओं के लिए बाहर की गतिविधियों को भी बंद कर रहे हैं।

**प्रदूषण से लोगों की मौत हो रही हैः** समाचार एजेंसी के मुताबिक एम्स के पूर्व निदेशक डॉ.रणदीप गुलेरिया ने कहा कि प्रदूषण से लोगों की मृत्यु हो रही हैं और जीवन स्तर कम हो रहा है। एम्स में वायु प्रदूषण बढ़ते ही सांस की तकलीफ वाले मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। गर्भवती महिलाओं और होने वाले बच्चों पर भी इसका बुरा असर होता है। बच्चे, बुजुर्ग, जिनके के फेफड़े और हार्ट कमजोर हैं उनको ऐसी जगहों पर नहीं जाना चाहिए जहां प्रदूषण ज्यादा है। जाना है तो दिन में जाएं जब धूप निकल गई हो और मास्क लगा कर जाएं। वायु प्रदूषण को हम एक साइलेंट किलर कह सकते हैं।

## बढ़ते प्रदूषण से मानवाधिकार आयोग चिंतित, 4 राज्यों के प्रमुख सचिवों को किया तलब

### 6 नवंबर से सुधार की संभावना

कहा जा रहा है कि दिल्ली एनसीआर में 6 नवंबर से वायु की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। रविवार को ग्रेप की उप समिति एक बार फिर इन प्रतिबंधों की समीक्षा करेगी। सीएक्यूएम ने बुजुर्गों, बच्चों व सांस के मरीजों को जरूरत ना पड़ने पर घर से बाहर ना निकलने की सलाह दी है।



### प्रदूषण का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट से कदम उठाने की मांग की गई है। इस पर सीजेआई ने पूछा कि कौन सी पीठ मामले पर सुनवाई कर रही है। एमसी मेहता मामले में यह मामला शामिल है। वकील ने कहा कि जीवन के अधिकार के तहत सुप्रीम कोर्ट को मामले पर गौर करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट प्रदूषण मामले पर 10 नवंबर को सुनवाई करेगा।

### एक्यूआई के आंकड़ों से ऐसे मापा जाता है प्रदूषण का हाल

भारत में सर्दियों का मौसम आते ही कई शहरों में एयर क्वालिटी खराब होने लगती है। बता दें कि किसी भी क्षेत्र में 0 से 50 के बीच एक्यूआई को सबसे अच्छा माना जाता है। वहीं 51 से 100 तक को संतोषजनक श्रेणी में रखा गया है। अगर एक्यूआई 101 से 200 के बीच है तो यह मध्यम और 201 से 300 तक रहने पर इसे खराब श्रेणी में माना जाता है। दूसरी ओर 301 से 400 तक के एक्यूआई को बहुत खराब स्तर का माना जाता है और 401 से 500 के बीच के एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है, जहां सांस लेना भी दूभर हो जाता है। यही स्थिति आज दिल्ली में है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए 4 दिसंबर को होगा मतदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 के लिए 4 दिसंबर को मतदान होगा और 7 दिसंबर को इसका परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त विजय सिंह देव ने शुक्रवार शाम को चुनाव की तारीख का ऐलान किया। इसके साथ ही दिल्ली में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है।

### अमृतसर में शिवसेना नेता की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
अमृतसर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे से एक दिन पहले अमृतसर में शिवसेना नेता सुधीर सूरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ गोपाल मंदिर के बाहर पहुंचे थे। मंदिर के बाहर कुछ लोगों ने देवी देवताओं की खंडित मूर्तियां फेंकी हुई थी। सूरी ने वहां मूर्तियों की बेअदबी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाने को लेकर धरना दिया था।

# महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण पर फौरी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाया स्टे

**संवाददाता**

देहरादून। स्थानीय महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण पर रोक संबंधी नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्टे दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की स्वीकृति उपरांत महिला आरक्षण को यथावत रखने के लिए राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की गई थी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में स्थानीय महिलाओं को नौकरियों में आरक्षण जारी रखने को दायर याचिका पर सुनवाई। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के 24 अगस्त के आदेश पर रोक लगा दी है।

**हाई कोर्ट नैनीताल ने 2006 के शासनादेश पर रोक लगा दी थीः** हाई कोर्ट नैनीताल ने राज्य लोक सेवा आयोग की उत्तराखंड सम्मिलित सेवा, प्रवर सेवा के पदों के लिए आयोजित परीक्षा में उत्तराखंड मूल की महिला अभ्यर्थियों को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के 2006 के शासनादेश पर रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता कार्तिकेय हरिगुप्ता ने हाई कोर्ट में कहा था कि राज्य सरकार की ओर से 18 जुलाई 2001 और 24 जुलाई 2006 के शासनादेश के अनुसार, उत्तराखंड मूल की महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है, जो असंवैधानिक है।

**सरकार ने बताया था संविधान सम्मतः** इस पर सरकार ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि संविधान के अनुच्छेद–15 व 16 के अनुसार आवास के आधार पर कोई राज्य आरक्षण नहीं दे सकता, यह अधिकार केवल संसद को है। राज्य केवल आर्थिक रूप से कमजोर व पिछले तबके को आरक्षण दे सकता है। सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य की महिलाओं को आरक्षण दिया जाना संविधानसम्मत है।

### महिलाओं के हित में दिए गए फैसले का स्वागत करते हैं: सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रदेश की महिलाओं के हित में दिए गए फैसले का हम स्वागत करते हैं। हमारी सरकार प्रदेश की महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। हमने महिला आरक्षण को यथावत बनाए रखने के लिए अध्यादेश लाने की भी पूरी तैयारी कर ली थी। साथ ही हमने उच्चतम न्यायालय में भी समय से अपील करके प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की।

# उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की रोक

**संवाददाता**

नैनीताल। हाई कोर्ट ने वन भूमि पर कब्जा करने व अवैध रूप से पेड़ काटने के आरोपित पूर्व पुलिस महानिदेशक बीएस सिद्धू की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी। सिद्धू ने अपनी याचिका में कहा है कि इसी आरोप में उनके विरुद्ध 2013 में भी मुकदमा हुआ था, जो विचाराधीन है और फिर उसी मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

नियमानुसार एक आरोप के लिये दो मुकदमे दर्ज नहीं किये जा सकते। ऐसे में 23 अक्टूबर को उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमे को निरस्त किया जाय। पूरे मामले को सुनने के बाद वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय मिश्रा की एकलपीठ ने सिद्धू की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए उनसे जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। सरकार से एक आरोप में दो बार मुकदमा दर्ज करने पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी।

**यह है मामलाः** सिद्धू ने वर्ष 2012 में मसूरी वन प्रभाग के वीरगिरवाली गांव में 1.5 हेक्टेयर जमीन खरीदी। उसी जमीन से मार्च 2013 में साल के 25 पेड़ काट दिए गए। वन विभाग की जांच में पता चला कि संबंधित पेड़ जिस जमीन पर थे वह रिजर्व फारेस्ट है। सिद्धू ने अवैध तरीके से जमीन खरीदी। साल के पेड़ भी काट दिए। इस मामले में वन विभाग ने उनपर जुर्माना लगाया। बाद में जमीन की सिद्धू के नाम की गई रजिस्ट्री भी रद कर दी गई।

आरोप है कि बीएस सिद्धू ने नौ जुलाई 2013 को अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शिकायत करने वाले वन अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाने के लिए थाना राजपुर में तत्कालीन प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी डा. धीरज पांडे व अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवा दिया।

### आरोप

■पद का दुरुपयोग कर कराया वन अधिकारियों पर दर्ज मुकदमा

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# छह नवंबर से मौसम बदल सकता है करवट

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर करवट बदल सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा व ऊंची चोटियों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम खराब होने से मैदानी क्षेत्रों के तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है।



न्यूनतम तापमान में पहाड़ी क्षेत्रों में चार से छह डिग्री सेल्सियस की कमी आने का अनुमान है। मौसम बदलने से प्रदेशभर में ठंड बढ़ने की भी संभावना है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार छह नवंबर को गढ़वाल मंडल में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा।

**ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात देखने को मिल सकता हैः** कुमाऊं में सात नवंबर से इसके आगे बढ़ने की संभावना है। सात नवंबर को बागेश्वर व पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा व ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात देखने को मिल सकता है। आठ व नौ को भी यही स्थिति रहने की संभावना है।


### मौसम बदलने से प्रदेशभर में ठंड बढ़ने की संभावना

# अमेरिका किलर बुलावा मिसाइल का नई रूसी परमाणु पनडुब्बी से टेस्ट

ताकत

## रूस ने अपने हथियारों के जखीरे में एक और महाविनाशक हथियार को किया शामिल





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मास्को। यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने अपने हथियारों के जखीरे में एक और महाविनाशक हथियार को शामिल किया है। रूस की नई परमाणु पनडुब्बी ने बुलावा मिसाइल को दागकर अपने अंतिम चरण के टेस्ट को पूरा कर लिया है। इस मिसाइल को जेनेरलिस्समो सुवोरोव परमाणु पनडुब्बी से लॉन्च किया गया। खबरों के मुताबिक रूस ने अपने ग्रोम परमाणु हथियार अभ्यास के दौरान इस बुलावा बलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया गया। इस पनडुब्बी को अब जल्द ही रूसी नौसेना में शामिल कर लिया जाएगा। यह बुलावा मिसाइल अमेरिका तक मार कर सकती है।

रूसी नौसेना के प्रमुख एडमिरल निकोलाई येवमेनोव ने कहा कि उनकी नई परमाणु ऊर्जा से चलने वाली सबमरीन ने रणनीतिक मिसाइल का परीक्षण किया है। माना जा रहा है कि अगले महीने इस पनडुब्बी को रूसी नौसेना में शामिल किए जाने का ऐलान हो सकता है। जेनेरलिस्समो सुवोरोव पनडुब्बी ने वाइट सी में रहने के दौरान इस मिसाइल को दागकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने भी टेलिग्राम पर भेजे अपने संदेश में इसकी पुष्टि की है।

**पनडुब्बी चौथी पीढ़ी की, इसे पकड़ना बहुत ही मुश्किलः** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, नई बोरेई ए प्रॉजेक्ट जेनेरलिस्समो सुवोरोव रणनीतिक मिसाइल पनडुब्बी ने एक बुलावा मिसाइल का अपने परीक्षण के अंतिम चरण में परीक्षण किया है। रूसी की घातक पनडुब्बी से दागी गई मिसाइल कुरा मिसाइल टेस्ट रेंज में जाकर गिरी। यह पनडुब्बी बोरेई ए प्रॉजेक्ट की दूसरी पनडुब्बी है। इसमें कई अत्याधुनिक मिसाइल, टॉरपीडो, नेविगेशन सिस्टम और सोनार सिस्टम लगाया गया है।

यह रूसी पनडुब्बी चौथी पीढ़ी की मानी जाती है और इसे पकड़ना बहुत ही मुश्किल है। रूस और अमेरिका दोनों ने ही हाल ही में अपने परमाणु अभ्यास को पूरा किया है। वह भी तब जब यूक्रेन को लेकर दोनों ही पक्षों के बीच तनाव काफी बढ़ा हुआ है। रूस के राष्ट्रपति ने कहा है कि यूक्रेन जंग में परमाणु हथियार के इस्तेमाल की कोई जरूरत नहीं है लेकिन अमेरिका को अभी भी पुतिन के इरादे पर संदेह बना हुआ है।

**अमेरिका तक मार कर सकती है रूसी मिसाइलः** रूस ने यह भी दावा किया है कि यूक्रेन रूस के खिलाफ डर्टी बम का इस्तेमाल करने की मंशा रखता है। रूस ने जिस मिसाइल का परीक्षण अभी किया है, वह 8000 किमी तक मार कर सकती है। इस तरह से रूस ने अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करके पश्चिमी देशों को कड़ा संदेश दिया है। यह मिसाइल रूस का सबसे खर्चीला हथियार कार्यक्रम बताया गया है।

## न्यूज डायरी



### इजरायल के प्रधानमंत्री यायर लैपिड ने चुनाव में मानी अपनी हार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री यायर लैपिड ने गुरुवार को चुनाव में अपनी हार स्वीकार कर ली और विपक्षी नेता बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर चुनावी जीत पर बधाई दी। नेतन्याहू के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन ने संसद में बहुमत हासिल कर लिया है। नेतन्याहू–नीत दक्षिणपंथी गुट ने 120–सदस्यीय संसद में 64 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। लैपिड ने नेतन्याहू से कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय के सभी विभागों को सत्ता के व्यवस्थित हस्तांतरण की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। लैपिड ने ट्वीट किया, इजरायल की संकल्पना किसी भी राजनीतिक विचार से ऊपर है। मैं नेतन्याहू को इजरायल और यहां के लोगों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इजरायल के लोगों ने देश में राजनीतिक गतिरोध को तोड़ने के लिए मंगलवार को चार साल में अभूतपूर्व पांचवीं बार मतदान किया। इजरायल में वर्षों तक नेतन्याहू राजनीतिक रूप से अजेय प्रतीत हो रहे थे।

### विदेश सचिव क्वात्रा ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की और गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। इसकी जानकारी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के हवाले से दी गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने ट्वीट किया। इस दौरान दोनों ने गंभीर चिंता के मुद्दों पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अपनी ब्रीफिंग में विदेश सचिव ने वैश्विक समुदाय से सामूहिक रूप से उन लोगों को बाहर निकालने का आग्रह किया जो अमेरिकी प्रतिबंध शासन सहित आतंकवादियों का बचाव करते हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने न्यूयार्क में यूएनएससी ब्रीफिंग के दौरान कहा, हमें सामूहिक रूप से उन लोगों को बाहर कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और साथ ही जो उनके साथ खड़े होते हैं और यूएनएससी प्रतिबंध व्यवस्था सहित उनके बचाव में आते हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन पर भी जोर दिया।

### रूस के डर्टी बम के दावे निकले फर्जी, नहीं मिले कोई सबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि उसके निरीक्षकों को रूस के इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला कि यूक्रेन, मास्को पर दोष मढ़ने के इरादे से एक रेडियोधर्मी डर्टी बम बना रहा और विस्फोट करने वाला है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि यूक्रेन सरकार के अनुरोध पर निरीक्षणों में अघोषित परमाणु गतिविधियों और सामग्रियों का कोई संकेत नहीं मिला।इ एजेंसी ने कहा कि उसके विशेषज्ञों ने यूक्रेन में तीन स्थानों पर निरीक्षण किया और उन्हें उन जगहों तक निर्बाध पहुंच प्रदान की गई। आईएईए ने एक बयान में कहा, इआज तक उपलब्ध परिणामों के मूल्यांकन और यूक्रेन द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर एजेंसी को अघोषित परमाणु गतिविधियों और स्थानों पर सामग्री का कोई संकेत नहीं मिला।इ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत शीर्ष अधिकारियों ने बार–बार निराधार दावे किए हैं कि यूक्रेन एक बम विस्फोट करने वाला है जिससे रेडियोधर्मी कचरा बिखरेगा।

### इमरान ने शहबाज शरीफ पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गुरुवार को जानलेवा हमला हुआ। लॉन्ग मार्च के दौरान उन पर फायरिंग की गई जिसमें इमरान समेत कई पीटीआई नेता घायल हो गए। इमरान पर हमले के बाद पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। वहीं पीटीआई के महासचिव असद उमर ने कहा कि इमरान खान ने अपनी हत्या के प्रयास के पीछे तीन लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। अब पीटीआई के नए दावों ने पाकिस्तान की राजनीति में भूचाल ला दिया है। रावलपिंडी में प्रदर्शन के दौरान आगजनी की भी खबरें हैं। असद उमर ने भी इमरान के हवाले से जिन तीन लोगों के नाम लिए उनमें एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी हैं।

## 180 उत्तर कोरियाई वारप्लेन से अलर्ट हुआ दक्षिण कोरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तरी सीमा में करीब 180 उत्तर कोरियाई वारप्लेन को देखने की जानकारी मिलते ही दक्षिण कोरिया अलर्ट हो गया। यहां की सेना ने तुरंत अपने जेट को रवाना कर दिया। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई सेना ने दी। सेना ने बताया कि इसने शुक्रवार को चार घंटे से अधिक समय तक उत्तरी सैन्य सीमा में उत्तर कोरियाई वारप्लेन के उड़ान भरने की जानकारी मिलते ही अपने फाइटर जेट को स्क्रैम्बल कर दिया।

**एक दिन में उत्तर कोरिया ने फायर किए 20 मिसाइलः** उत्तर कोरिया ने 20 से अधिक मिसाइलों को फायर किया था। एक दिन में मिसाइल फायर करने का यह रिकार्ड रहा। साल 2022 में दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइल लान्च करने का रिकार्ड कायम करने के बाद उत्तर कोरिया सितंबर अंत से टेस्टिंग एक्टिविटी शुरू कर दी। इसने कहा है कि अमेरिकी सैन्य ड्रिल के खिलाफ चेतावनी के तौर पर इसने टेस्ट किए हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि उत्तर कोरिया अस्थिरता को बढ़ावा दे रहा है। इसके जरिए वह अमेरिका पर दबाव बना रहा है कि उसे परमाणु ताकत के तौर पर पहचान मिले। उत्तर कोरिया ने इसका जवाब देने की चेतावनी दी थी जिसके बाद गुरुवार रात को यह परीक्षण किया गया।



## अंतरिक्ष से जमीन पर गिरेगा 25 टन वजनी रॉकेट मलबा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। एक बार फिर चीन के एक स्पेस रॉकेट का अनियंत्रित मलबा धरती पर गिरने वाला है। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी ने 31 अक्टूबर को तियांगोंग स्पेस स्टेशन का तीसरा और आखिरी मॉड्यूल लॉन्ग मार्च–5बी हैवी–लिफ्ट रॉकेट के माध्यम से लॉन्च किया था। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा से प्रतिस्पर्धा में चीन अब अंतरिक्ष में अपनी मौजूदगी बढ़ाना चाहता है। वह न सिर्फ एक के बाद एक स्पेस मिशन लॉन्च कर रहा है बल्कि खुद के स्पेस स्टेशन का निर्माण भी कर रहा है। 25 टन वजन का रॉकेट मलबा 5 नवंबर को रात 11रू51 बजे पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर सकता है। यह मलबा कहां गिरेगा, इसकी सटीक जानकारी फिलहाल अज्ञात है।

# इमरान ने पैगंबर से तुलना की इसलिए मारी गोली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गुरुवार को हमला हुआ है। इमरान के हत्या की साजिश नाकाम साबित हुई है। इमरान पर हमला तब हुआ है जब वह शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ लॉन्ग मार्च कर रहे थे। इमरान पर गोलियां बरसाने वाले हमलावर का कबूलनामा अब सामने आया है। इमरान पर हमला करने वाले शख्स ने कहा है कि उसने अकेले ही इस हमले की प्लानिंग की थी। उसने बताया कि उसे इस बात का अफसोस है कि इमरान खान हमले में बच गए। इस हमले के बाद से इमरान की

### हमला करने वाले शख्स का बयान लीक हुआ

पार्टी ने देशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान किया है। गुरुवार की रात से ही पाकिस्तान के कई शहरों में सेना के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है।

हमलावर से जब पूछा गया कि क्या उसने सही किया? इस पर उसने कहा, हां, मुझे मौका मिला तो फिर करूंगा। मुझे एक ही बात का दुख है कि ये (इमरान) बच गया। मेरा मकसद पूरा नहीं हो सका। जब हमलावर से पूछा गया कि आखिर वह इमरान को मारना क्यों चाहता है, इस पर उसने कहा, इमरान ने अपनी तुलना पैगंबर मोहम्मद से की थी। इमरान ने कहा था कि जिस तरह पैगंबर मोहम्मद ने अपनी अवाम को पैगाम दिया मैं भी उसी तरह आपको पैगाम दे रहा हूं। यानी वो अपनी तुलना नबी से कर रहा है। मेरा जमीर नहीं मानता कि मैं उसकी इस बात को बर्दाश्त करूं।

**20 हजार में खरीदा था हथियार**

हमलावर ने आगे कहा, मेरे लिए पैगंबर मोहम्मद आखिरी नबी हैं। ये किस तरह अपनी तुलना उनसे कर सकता है। मुझे ये बात अच्छी नहीं लगी। तभी से मैं उसे मारना चाहता था। शख्स से जब उसकी विचारधारा के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि वह ऑनलाइन डॉ इसरार अहमद के वीडियो सुनता रहा है।

### जर्मन चांसलर स्कोल्ज 3 वर्षों में चीन की यात्रा करने वाले पहले जी7 नेता बने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगकांग। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज शुक्रवार को चीन का औपचारिक दौरा करेंगे। ओलाफ स्कोल्ज ग्रुप ऑफ सेवन (जी 7) से लगभग तीन वर्षों में चीन में उतरने वाले पहले नेता बन जाएंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक दिवसीय यात्रा के दौरान, स्कोल्ज के बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री ली केकियांग से मिलने की उम्मीद है। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब दुनिया भर में सेमीकंडक्टर की कमी देखी जा रही है। सेमीकंडक्टर के मामले में चीन पर लगाए अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण यह पूरा उद्योग संकट में फंसता दिख रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस कारोबार में पिछले कुछ वर्षों के दौरान जो खुशहाली देखी गई थी, उस पर अब विराम लग गया है। गौर करने वाली बात यह है कि अमेरिका ने यह प्रतिबंध चिप और सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी में चीन की प्रगति रोकने के लिए लगाया, लेकिन इसका नुकसान अमेरिका और अमेरिका के सहयोगी देशों की कंपनियों को भी हो रहा है।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# इगास पर्व की रही धूम धूमधाम से गया मनाया

इगास मेला

## जौनसारी वेशभूषा में शामिल हुईं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, खूब झूमी

**संवाददाता**

विकासनगर। बोहरी, गाडोल व डिमोऊ गांव स्थित भगवान परशुराम देवता व मां रेणुका जी के मंदिर में शुक्रवार को ग्यास मेला बडी धूमधाम से मनाया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य भी बोहरी गांव में ग्यास मेले में पहुंची। इस दौरान वह जौनसारी वेशभूषा पहनकर मेले में शामिल हुईं और जौनसारी गीतों पर खूब झूमी।

इस दौरान भगवान परशुराम देवता व माता रेणुका जी की पालकियों को शाही स्नान कराया गया। शाही स्नान के बाद पालकी के देव दर्शन कर हजारों लोगों ने मन्नतें मांगी। साथ ही प्रसाद व भंडारे को ग्रहण किया। इससे पूर्व गुरुवार की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में जौनसारी, हिमाचली व गढ़वाली संस्कृति की धूम मची रही।



कोरोना काल के उपरांत इस बार बोहरी गांव स्थित परशुराम देवता एवं मां रेणुका जी के मंदिर में आयोजित ग्यास मेला बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान परशुराम देवता व माता रेणुका जी की पालकियों को गांव से कुछ दूरी पर स्थित बोईतोगी नामक स्थान पर शाही स्नान कराया गया।

सुबह करीब 10 बजे देव पालकियों को मंदिर के गर्भगृह से शाही स्नान के लिए बाहर निकाला गया। जयकारों के साथ देव चिन्ह व देव पालकियों का शाही स्नान कराने के बाद करीब 11 बजे देव चिन्ह व दोनों पालकियों को पुनः मंदिर में विराजमान कराया गया।

इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने देव दर्शन कर अपनी व अपने परिवार की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।

**श्रद्धालुओं ने प्रसाद व भंडारा ग्रहण किया:** देव दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद व भंडारा ग्रहण किया। इससे पूर्व बीती रात्रि मंदिर प्रांगण में पंहुचे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोहरी मंदिर समिति एवं मेला समिति के अध्यक्ष अमर सिंह चौहान, देव माली गुलाब सिंह चौहान,गुडू चौहान,चतर सिंह चौहान,रण, सिंह चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, अतर सिंह तोमर, नरेश अवस्ती ,मोहन लाल शर्मा, प्रवीन चौहान, सरदार सिंह चौहान, खजान सिंह चौहान, प्रितम सिंह चौहान, विनोद कुमार भसीन, नीरज कठैत, बिरेंद्र सिंह चौहान, किशन निराला,मोहन लाल भारती सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने धूमधाम से मनाया इगास

**संवाददाता** देहरादून। इगास के पावन पर्व शुक्रवार को नेताजी संघर्ष समिति के प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी के द्वारा सेवला कलां में आयोजित किया गया जिसमे सभी धर्मों और क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर विभिन्न समुदाय के लोगों ने एकत्रित होकर एक दूसरे को इगास पर्व की बधाई दी। इगास पर्वतीय क्षेत्र के लोगों का मत्वपूर्ण त्योहार है। समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने बताया कि इगास दीपावली के ग्यारह दिन बाद उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मनाया जाता है। बताया जाता है कि जब भगवान रामचन्द्र चौदह वर्ष का वनवास खत्म कर रावण पर विजय पाकर आयोध्या वापस आये तो सबने दिए जला कर खुशी मानते हुए दीवाली मनाई लेकिन उस समय के अनुसार पहाड़ के लोगों को ये खबर बाद में मिली और पहाड़ के लोगों ने ग्यारह दिन बाद दीवाली मनाई जिसे इगास कहते हैं।

### पिथौरागढ़ में फिर दहशत, ततैयों ने नेपाली नागरिक पर किया हमला

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में ततैयों का आंतक बढ़ता ही जा रहा है। अब जिला मुख्यालय से लगभग तीस किमी दूर विकास खंड मूनाकोट के भटेड़ी गांव में ततैयों के हमले से एक नेपाली मजदूर की मृत्यु हो गई है। जिले में ततैयों के हमले से होने वाली यह तीसरी मृत्यु है। जानकारी के अनुसार, नेपाल के डोटी जिला निवासी 36 वर्षीय हरिभान भटेड़ी गांव में मजदूरी करता था। बीते दिनों काम करने के दौरान ततैयों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। ततैयों के हमले में घायल हरिभान घर पर ही घरेलू उपाय के अलावा दवाइयां ले रहा था। शुक्रवार को उसकी हालत गंभीर होने पर ग्राम प्रधान मनू देवी, नरेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीण उसे जिला अस्पताल पिथौरागढ़ को लाए। पिथौरागढ़ लाते समय नेपाली नागरिक हरिभान की मृत्यु हो गई।

### कैच के नए कैम्पेन में नजर आयेंगे अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर

**संवाददाता** देहरादून। डीएस समूह के अंग, डीएस स्पाइसको द्वारा कैच सॉल्ट्स एंड स्पाइसेस के लिये लॉन्च किए गए एक नए कैम्पेन में बॉलीवुड के कलाकार अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर नजर आयेंगे। इस नए कैम्पेन में कैच की नई पोजीशनिंग "क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता" पर जोर दिया गया है। इस कैम्पेन की परिकल्पना डेंट्सू क्रिएटिव ने की है और इसमें दिखाया गया है कि खाना कई सारी चीजों से मिलकर बनता है– उनमें यादें होती हैं, रिश्ते होते हैं, परंपराएं और मूल्य होते हैं। इस तरह यह कैम्पेन ब्रांड को उपभोक्ता की रोज की जिंदगी के और भी करीब लाने की कोशिश कर रहा है।

## स्कूल यूनिफॉर्म पाकर खुशी से झूम उठे गरीब बच्चे

**संवाददाता** गरुड़। राजकीय जूनियर हाईस्कूल मटेना के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक डीएल वर्मा ने अपने पिता की स्मृति में बच्चों को छात्रवृत्ति वितरित की। उन्होंने अपने पिता शिवलाल वर्मा स्मृति छात्रवृत्ति योजना के तहत बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते और स्वेटर बांटी। इस मौके पर अतिथियों ने मोबाइल पुस्तकालय का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मटेना की उप प्रधान नीमा बड़सीला और विशिष्ट अतिथि स्वीप के नोडल अधिकारी उमेश जोशी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जूहा मटेना का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि शिक्षक डीएल वर्मा ने स्कूल में नवाचार, बाल शोध



प्रधानाध्यापक ने अपने पिता की स्मृति में बच्चों को बांटी छात्रवृत्ति

और विभिन्न गतिविधियों पर आधारित शिक्षण तथा विज्ञान व गणित विषय की प्रदर्शनी के माध्यम से शिक्षण को रोचक बनाया है।

इस दौरान नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष कैलाश खुल्बे,एसएमसी अध्यक्ष गीता शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रा देवी, शंकर टम्टा, जीवन सिंह दोसाद,ख्याली दत्त जोशी, संतोष कुमार वर्मा मौजूद रहे।



## चमोली के घाट क्षेत्र में कार खाई में गिरी, एक की मौत, एक घायल

**संवाददाता** गोपेश्वर। चमोली जनपद के घाट क्षेत्र में भेंटी रोड पर लाखी मोड के पास एक आल्टो कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में एक व्ध्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। घायल हो अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सफेद रंग की एक आल्टो कार घाट क्षेत्र में भेंटी रोड पर लाखी मोड के पास अनियंत्रित होकर 50 मीटर नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में की लक्ष्मण सिंह (32 वर्ष) पुत्र विक्रम सिंह निवासी बांज बगड़ घाट की मौके पर मौत हो गई है। जबकि वीरेंद्र ( 40 वर्ष) पुत्र भवान सिंह निवासी ग्राम भेंटी घाट घायल हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मुख्यमंत्री से बिजली सस्ते दामों पर मुहैया कराने को मोर्चा ने किया आग्रह

**संवाददाता**

देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने मा.मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर प्रदेश के गरीब एवं मध्यम वर्गीय विद्युत उपभोक्ता को महंगी बिजली से निजात दिलाने एवं लाइन लॉस कम कराने को लेकर को ज्ञापन सोफा द्य श्री धामी ने सचिव, ऊर्जा को कार्रवाई के निर्देश दिए।

नेगी ने कहा कि निजी क्षेत्र की विद्युत परियोजनाओं/केंद्रीय स्वामित्व वाली परियोजनाओं से सरकार को वर्ष 2020–21 में 1027.52 मिलियन यूनिट एवं 2021–22 में 1098.67 एम.यू. रॉयल्टी के रूप में क्रमशरू 2.32

### 2.90– 4.20–5.80–6.55 के स्लैब से मिलती है बिजली प्रति यूनिट

प्रति यूनिट एवं 2.28 के हिसाब से मिली। इसी प्रकार प्रदेश के स्वामित्व वाली जल विद्युत परियोजनाओं से भी प्रतिवर्ष 5 हजार एम.यू. से अधिक बिजली उत्पादित होती है। कुछ बिजली बाहर से महंगे दामों पर विभाग की लापरवाही की वजह से जरूर खरीदनी पड़ती है, लेकिन इस फेर में आम उपभोक्ता पिस रहा है।

नेगी ने कहा कि वितरण एवं एटीएंडसी हांनियां लगभग 30 से 35 फीसदी तक हैं, जो बिजली के दामों में बढ़ोतरी करने को सबसे बड़ा कारक है, इस पर प्रभावी अंकुश की जरूरत है। नेगी ने



कहा कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से प्रति 100 यूनिट्स तक 2.90, 100 से 200 तक 4.20, 200 से 400 यूनिट तक 5.80 एवं 400 यूनिट्स से ऊपर 6.55 निर्धारित किया हुआ है, जोकि उपभोक्ताओं पर दोहरी मार है।

मोर्चा ने सरकार से 100 यूनिट के स्थान पर 200 यूनिट का स्लैब निर्धारित करने एवं लाइन लॉस कम करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में विनय गुप्ता मौजूद थे।

## बाजार के बजाए सरयू बगड़ में बेचें आतिशबाजी

**संवाददाता** बागेश्वर। जिले में बूढ़ी दिवाली (ईगास) पर्व धूमधाम से मनाया गया। पर्व को देखते हुए शुक्रवार को कुछ व्यापारी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आतिशबाजी बेचने लगे।इगास पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने नगर में गश्ती की। बाजार में आतिशबाजी बेच रहे एक व्यावसायी को पुलिस ने रोका। उसे सरयू बगड़ में चयनित स्थान पर आतिशबाजी बेचने के निर्देश दिए। सीओ शिवराज सिंह राणा ने व्यापारियों से कहा कि वह चयनित स्थान के अलावा कहीं भी आतिशबाजी नहीं बेचेंगे। वही सीओ राणा ने सभी व्यपारियो से बाजार में भीड़भाड़ क्षेत्र में ज्वलनशील पदार्थ पटाखा आदि की विक्री भीड़भाड़ क्षेत्र से बाहर करने के निर्देश दिए।वही बाजार क्षेत्र में नियमविरुद्ध पटाखों के विक्रय करने वालों पर सख्ती करने की चेतावनी दी।पुलिस की सख्ती के बाद बाजार से व्यापारी चला गया। वही नगर में पुलिस ने होटलों ढाबों में अवैध रूप से शराब और नशीले पदार्थो के विक्रय और ग्राहकों को शराब पिलाने वालों के खिलाफ जांच की।

जो गरजते हैं वो बादल बरसते नहीं इसलिए बोलिए मत जो सोचा है उसे साबित करके दिखाइए।-अज्ञात





पेज थ्री
www.page3news.in

# संयुक्त राष्ट्र का पॉवर्टी इंडेक्स

भारत इस लिहाज से पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण केस स्टडी था। लेकिन वैश्विक संदेश से अलग राष्ट्रीय स्तर पर भी इस रिपोर्ट से उजागर हुए तथ्य बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनमें आगे के लिए कई उपयोगी सबक निहित हैं।

मनोज शर्मा।।

संयुक्त राष्ट्र की ओर से आई एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारत में 2005–06 से लेकर 2019–21 तक की 15 वर्षों की अवधि में 41.5 करोड़ लोगों को गरीबी से उबार लिया गया है। किसी भी पैमाने पर यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। जैसा कि जारी इस मल्टी डाइमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स (एमपीआई) रिपोर्ट में भी कहा गया है कि इस उपलब्धि का वैश्विक स्तर पर तत्काल यह फायदा हुआ है कि इसने सस्टेनेबल डिवेलपमेंट गोल्स (एसडीजी) की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सार्थकता बढ़ा दी है। हाल के वर्षों में कोरोना, युद्ध, जलवायु परिवर्तन जैसे तमाम कारकों से उपजे हालात को देखते हुए इन लक्ष्यों को हासिल करना नामुमकिन नहीं तो बेहद मुश्किल जरूर लगने लगा था। ऐसे में इस उपलब्धि ने अचानक जैसे सबके मन में आशा का संचार कर दिया है। अब कहा जा रहा है कि ज्यादा नहीं तो गरीबी में रह रहे लोगों की संख्या 2030 तक आधा करने का लक्ष्य तो हासिल किया ही जा सकता है। भारत इस लिहाज से पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण केस स्टडी था। लेकिन वैश्विक संदेश से अलग राष्ट्रीय स्तर पर भी इस रिपोर्ट से उजागर हुए तथ्य बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनमें आगे के लिए कई उपयोगी सबक निहित हैं। हालांकि इस तरह की स्टडी राजनीतिक नजरिए से नहीं की जाती और यही इसकी खासियत भी है, लेकिन फिर भी मौजूदा संदर्भ में यह देखना उपयोगी हो सकता है कि करीब डेढ़ दशकों की इस अवधि में यूपीए और एनडीए दोनों की सरकारें रही हैं।



आपसी विवादों और कार्यशैली के अंतर के बावजूद दोनों ही सरकारों के कार्यकाल में गरीबी उन्मूलन के प्रयास अलग–अलग स्तरों पर जारी रहे और उनके प्रभाव भी नजर आए। रिपोर्ट के मुताबिक 2005–06 से 2015–16 के बीच करीब 27.5 करोड़ लोग गरीबी से निकले तो 2015–16 से 2019–21 की महामारी पूर्व की अवधि में 14 करोड़ लोग इससे बाहर आए। सबसे चमत्कारिक स्थिति तो बिहार जैसे गरीब माने जाने वाले राज्य की है। वहां 2005–06 में गरीबी का जो प्रतिशत 77.4 था वह 2015–16 में घटकर 52.4 फीसदी पर आया और 2019–21 में 34.7 फीसदी पर आ गया। खास बात यह कि इस स्टडी में दुनिया भर में गरीबी को अभावों के संदर्भ में समझने की कोशिश हुई और पाया गया कि ज्यादातर मामलों में चार कमियां सबसे ज्यादा प्रभावित करती है।

वे हैं – भोजन, रसोई ईंधन, शौचालय और आवास। इस लिहाज से सरकार की बहुचर्चित योजनाओं पर एक नजर डालने से भी स्पष्ट हो जाता है कि हमारी नीतियों की दिशा सही है। लेकिन फिर भी आगे की चुनौतियां आसान नहीं हैं। करीब 23 करोड़ लोग अभी भी गरीबी में पड़े हैं। ऐसे बच्चों की संख्या 9.7 करोड़ है, जो इस स्टडी में शामिल 111 देशों में से किसी भी दूसरे देश की कुल गरीब आबादी से भी ज्यादा है।

## भाग्य–किस्मत

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** ये वक्त तथा कर्म का चक्र तय करेगा हमारे द्वारा किया जाने वाला कोई भी कार्य अच्छा था या बुरा। अब ऐसा नहीं है की सब कुछ पहले से निश्चित है।

लेकिन इस बात को भी नहीं झुठलाया जा सकता की भाग्य –किस्मत जैसी चीजे भी संसार मे कही न कही अगजिस्ट करती है। आपने ये कहावत तो सुनी ही होगी की दाने दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम। इतना ही नहीं, रेडियो और टीवी चौनल इन रेकॉर्डिंग को अपनी जरूरत के अनुसार किसी भी समय प्रसारित करते हैं। फिर केवल सार्वजनिक कार्यक्रम में ही राग और समय को क्यों जोड़ना? एक बहुत अमीर सेठ तिरुपति बाला जी का बहुत बड़ा भक्त था. जिस वजह से वो रोज सुबह, अपनी कार से तिरुपति बाला जी मंदिर जाता।

## संपादकीय

### यह कैसा दुष्प्रचार

सच पूछिए तो काफी समय से ब्रिटेन में भारत और भारतीय अलग–अलग तरीकों से निशाना बने हैं। कृषि कानून विरोधी आंदोलन के दौरान ब्रिटेन में कई प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन में वहां पाकिस्तान के लोगों के साथ लेबर पार्टी के कुछ सांसद भी शामिल थे। भारतीय उच्चायोग तक पर हमले हुए। ध्यान रखने की बात यह भी है कि पिछले कुछ समय से पाकिस्तान ही नहीं कई देशों में भारत और हिंदुओं के विरुद्ध दुष्प्रचार कर विरोधी माहौल बनाया जा रहा है। हाल के दिनों में यह प्रचारित किया गया कि भारत सरकार की नीतियां अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध हैं। उनके मजहबी अधिकारों पर हमले हो रहे हैं। अनेक पत्रकारों, नेताओं, बुद्धिजीवियों और एनजीओ ने भी वर्तमान सरकार बीजेपी, आरएसएस आदि के बारे में प्रचारित किया कि ये अल्पसंख्यकों के दमन की नीतियों पर आगे बढ़ रहे हैं। कल्पना करिए अगर इस तरह के हमले गैर–हिंदुओं पर हुए होते तो तो आज यह दुनिया में चर्चा का प्रमुख विषय होता। मानवाधिकार से लेकर धार्मिक अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अल्पसंख्यकों के अधिकार आदि पर काम करने वाली संस्थाएं झंडा लेकर खड़ी हो चुकी होतीं।

अगर गुस्सा क्रिकेट को लेकर है तो फिर मंदिरों या जिन घरों के बाहर हिंदू धर्म की कोई आकृति हो उन्हें निशाना बनाने का क्या औचित्य हो सकता है? चार और पांच सितंबर को लगातार हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा हुई।

# क्रिकेट के बहाने

अवधेश कुमार।।

इंग्लैंड के लेस्टरशर से लेकर स्मिथविक और बर्मिंघम तक हिंदुओं, उनके धर्मस्थल और समुदाय के रूप में चिह्नित स्थानों पर हो रहे हमले चिंताजनक हैं। इससे भी चिंताजनक है इंग्लैंड सहित समूचे यूरोप और पश्चिमी देशों में मुख्यधारा के मीडिया का रवैया। अगर हिंसा गैर–हिंदुओं के विरुद्ध होती तो पूरे विश्व में वह मीडिया की सुर्खियां बनती। कुछ मीडिया संस्थानों ने तो हमला झेल रहे हिंदुओं को ही दोषी ठहराने में अपनी बुद्धि लगाई। स्मिथविक शहर के एक विडियो में साफ दिख रहा है कि एक समुदाय के लोग दुर्गा भवन हिंदू सेंटर के बाहर धार्मिक नारे लगा रहे हैं और पुलिस उन्हें रोकने की कोशिश कर रही है। लेस्टरशर के एक मंदिर से भगवा झंडा उतार कर नीचे फेंकने के विडियो सामने आए हैं। बर्मिंघम में ऐसे ही मंदिर पर चढ़ते और धार्मिक नारे लगाते लोग दिख रहे हैं।

भारत सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय की ओर से हिंदुओं पर हमले रोकने की अपील वाला बयान भी जारी किया गया है। इसके पहले ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग ने भी वहां प्रशासन से इस मामले में संपर्क किया था। मीडिया के एक वर्ग ने लिखा है कि एशिया कप में भारत–पाकिस्तान क्रिकेट मैच के बाद ये दंगे हुए। सतही तौर पर देखने से ऐसा लगता



भी है कि पाकिस्तान की हार से गुस्साए उसके समर्थकों ने हिंसा की। लेकिन कई ऐसी बातें हैं, जो इस थियरी को संदिग्ध बनाती हैंरू

क्रिकेट में हार का गुस्सा थोड़े समय तक रह सकता है। लेकिन क्या यह इतना ज्यादा होगा कि 28 अगस्त से शुरू हुई हिंसा महीने भर खिंच जाए? अगर गुस्सा क्रिकेट को लेकर है तो फिर मंदिरों या जिन घरों के बाहर हिंदू धर्म की कोई आकृति हो उन्हें निशाना बनाने का क्या औचित्य हो सकता है? चार और पांच सितंबर को लगातार हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा हुई। ध्यान रहे, 4 सितंबर को एशिया कप क्रिकेट में पाकिस्तान की विजय हो गई थी। फिर भी हिंदू समुदाय के विरुद्ध हिंसा होती रही। दूसरी ओर, एक भी घटना ऐसी नहीं हुई, जिसमें हिंदुओं को दूसरे समुदाय के विरुद्ध हिंसा करते हुए देखा गया हो।

इन सबसे लगता है कि हिंसा की ये घटनाएं हिंदुओं को निशाना बनाने के मकसद से शुरू की गई थीं। इसकी असल वजह क्रिकेट की जय–पराजय नहीं थी। भले ही उसे बहाना बनाया गया हो।

यह सच है कि एशिया कप में पाकिस्तान पर भारत की विजय पर लोगों ने खुशी मनाई। उनमें से कई लोगों के हाथों में तिरंगा झंडा था। हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगे। लेकिन दुष्प्रचार यह हुआ कि दूसरे धर्म के विरुद्ध नारे लगाए गए हैं। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर यह झूठ फैलाया कि हिंदू अतिवादी दूसरे धर्म के विरुद्ध नारे लगा रहे थे और हिंसा कर रहे थे।

कुछ मीडिया रिपोर्टों में हिंदुओं के घरों और धर्म स्थलों पर आरएसएस का झंडा लगे होने की बात कही गई थी। दरअसल, ये भगवा झंडे थे, जो आमतौर पर मंदिरों पर दिखाई देते हैं। पूरे मामले को राजनीतिक रंग देने के लिए आरएसएस का झंडा बताकर दुष्प्रचार किया गया। सोशल मीडिया पर हिंदुओं के विरुद्ध प्रदर्शनों की अपील भी की जा रही थी। स्मिथवीक में एक धर्म विशेष से जुड़े नाम वाले संगठन के सोशल मीडिया अकाउंट से दुर्गा भवन मंदिर के बाहर प्रदर्शन का आह्वान किया गया था।

### अष्टयोग-5052

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 1 | | 3 | 4 |
| 2 | 33 | | 34 | | 30 | |
| 3 | 5 | 4 | | 7 | | 2 |
| | 36 | | 32 | | 23 | 6 |
| 7 | | 5 | | 3 | | |
| | 36 | | 34 | 4 | 31 | |
| 1 | | 3 | | 5 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5051 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 33 | 1 | 36 | 6 | 27 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 4 | 34 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### जातिवादी कुसंस्कार

**मोहन।** उत्पीड़न का स्रोत सामाजिक व्यवस्था है। संविधान के कारण भेदभाव कम तो हुआ है, पर जहां भी संवैधानिक प्रावधान निष्क्रिय हुए, वहीं जालौर जैसा कांड हो जाता है। बहुजन आंदोलन डॉ. आंबेडकर की विचारधारा के खिलाफ था, लेकिन लोग समझे कि यही सामाजिक न्याय का आंदोलन है। इसे ऐतिहासिक ठगी कहा जाए या नासमझी? बाबा साहेब ने हिंदू धर्म तक छोड़ दिया। हमारे सारे नेता हिंदू धर्म में ही मरे, कुछ अपवादों को छोड़कर। बाबा साहेब के संघर्ष का प्रतिफल जैसे आरक्षण और अन्य सुविधाएं छात्र जीवन से ही लेने लगते हैं। लेकिन जब बौद्ध बनने की बात आए तो बुढ़ापे का इंतजार। बौद्ध धर्म तो आरक्षण लेने से पहले ले लेना चाहिए ताकि जातिवादी संस्कारों से मुक्त हो सकें। जब तक मेघवाल, बैरवा, बलाई, खटीक, चमार, महार, मतंग बने रहेंगे, तब तक आपसी एकता कैसे होगी? बिना एकता के अन्याय से लड़ कैसे पाएंगे? जिन संस्कारों के कारण अत्याचार हो रहा है, उन्हीं को अपनाए रहें तो उत्पीड़न भी होता ही रहेगा। दलित पीएम और सीएम बन जाएं, तो भी उत्पीड़न बंद नहीं होगा। दलित उत्पीड़न की घटना से किसी राजनीतिक दल को फायदा हो सकता है।






## अक्षरा सिंह के कार्यक्रम में भीड़ हुई बेकाबू, नाराज एक्ट्रेस ने छोड़ा शो

हाल में ही भोजपुरी स्टार और सिंगर खेसारी लाल यादव के कार्यक्रम में जमकर बवाल हुआ। हंगामा इतना बढ़ गया था कि 2 हजार से ज्यादा कुर्सियां तोड़ दी गईं तो कई लोग भगदड़ के चलते घायल हो गए। अब ऐसा ही हंगामा भोजपुरी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की परफॉर्मेंस के दौरान हुआ। जौनपुर के बदलापुर में चल रहे दो दिवसीय श्बदलापुर महोत्सवश में अक्षरा सिंह के गाने के दौरान ईंट पत्थर बरसाए गए। मामला इतना बढ़ गया कि एक्ट्रेस व सिंगर अक्षरा सिंह को कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर जाना पड़ा। खबरें ये भी हैं कि हालात को काबू करने के लिए पुलिस को बल का प्रयोग भी किया गया। आइए दिखाते हैं इस कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो। जौनपुर में मंगलवार को दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में रात एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पहुंची। उनकी परफॉर्मेंस करीब 9.45 बजे शुरू हुई। वह मशहूर गाना जान मारे लंहगा ई लखनऊआ गा रही थीं। इस दौरान भीड़ इतनी उमड़ पड़ी की काबू करना प्रशासन के लिए मुश्किल का सबब बन गया।

## अनुपम खेर को द कपिल शर्मा शो में देख फैंस नाराज

एक्टर अनुपम खेर ने हाल ही श्द कपिल शर्मा शोश के आने वाले एपिसोड के लिए शूट किया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। तस्वीरों में कपिल शर्मा, अनुपम खेर के गाल पर किस करते और खूब प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। अनुपम खेर ने भी कपिल शर्मा का शुक्रिया अदा किया कि उन्होंने उन्हें अपने शो में बुलाया। लेकिन अनुपम खेर का यह पोस्ट देख कुछ फैंस नाराज हो गए हैं। फैंस हैरान हैं कि अतीत में जो कुछ भी हुआ, उसे भूलकर अनुपम खेर द कपिल शर्मा शो में कैसे चले गए। उन्होंने अनुपम खेर को वह समय याद दिलाया जब द कश्मीर फाइल्स के प्रमोशन के दौरान Kapil Sharma ने उन्हें अपने शो में नहीं बुलाया था। उसकी नाराजगी तब अनुपम खेर सोशल मीडिया पर जाहिर की थी। द कश्मीर फाइल्स मार्च 2022 में रिलीज हुई थी और तब कपिल शर्मा ने फिल्म के मेकर्स या कास्ट को शो में नहीं बुलाया था। फैंस ने अनुपम खेर को वही वाकया याद दिलाया है और कहा है कि तब उनके साथ जो कुछ हुआ, क्या वह सब भूल गए हैं? एक यूजर ने अनुपम खेर के पोस्ट पर कमेंट किया है, कश्मीर फाइल्स को क्यों सपोर्ट नहीं किया कपिल शर्मा ने? दिल भर सा गया है सर जी अब बॉलीवुड के दोगलेपन से और दो चेहरों से।

## कांतारा ने चलाया वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर जादू



होम्बले फिल्म्स कांतारा एक ऐसी फिल्म है, जो लगातार अपनी सफलता के उदाहरण पेश कर रही है। समय के साथ फिल्म की पॉपुलैरिटी भी बढ़ती जा रही है और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म अच्छी कमाई करने के साथ दर्शकों पर भी अपना चार्म बिखेर रही है। जबकि फिल्म को आलोचकों, मशहूर हस्तियों और कई क्षेत्रों से लोगों का जबरदस्त प्यार और समर्थन मिल रहा है, इसका जादू भारतीय मंत्रालय में भी फैलता जा रहा है। जैसा कि हाल ही में कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, कंज्यूमर अफेयर्स एंड फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और टेक्सटाइल्स के मंत्री पियुश गोयल ने श्कांताराश को एक उदाहरण माना है, जिसने कर्नाटक की समृद्ध संस्कृति को दर्शाया है, वहीं अब भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी ये फिल्म देखी और इसकी स्टोरी की खूब तारीफ की है, जो तुलुवानाडु और करावली की समृद्ध परंपरा को उजागर करती है। अपने सोशल मीडिया पेज पर इसे शेयर करते हुए निर्मला सीतारमण ने वालंटियर और वेल विशर्स के साथ एक तस्वीर शेयर की और फिल्म और लेखक, निर्देशक और साथ ही एक्टर ऋषभ शेट्टी की तारीफ की।

# सबा आजाद ने ऋतिक के साथ मनाया बर्थडे

*बॉलीवुड की मशहूर सिंगर और एक्ट्रेस सबा आजाद ने 1 नवंबर को अपना जन्मदिन मनाया। सबा ने हाल ही में अपने फैंस को अपने बर्थडे की एक झलक दी कि कैसे उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड ऋतिक रोशन के साथ अपना खास दिन सेलिब्रेट किया। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सबा ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उस दिन के सभी खास पलों को एक साथ दिखाया।*

**सबा आजाद के बर्थडे की झलकियां**

वीडियो में ऋतिक और उनकी कई तस्वीरें दिखाई गईं, जिसमें जिम में वर्कआउट करने से लेकर डांस सीखने और घास पर लेटने से लेकर उनके जन्मदिन का केक काटने तक शामिल हैं। तस्वीरों के मोंटाज को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, मुझे अपने जन्मदिन पर शांत रहना पसंद है। अधिक बार आप मुझे उस दिन सांसारिक चीजें करते हुए पाएंगे, मुझे यह याद नहीं है कि मैंने इसे कब करना शुरू किया था लेकिन अब यह आदर्श जैसा लगता है। मुझे गलत मत समझो, मैं मुझे एक अच्छी पार्टी से प्यार करती हूं, जब तक कि मुझे इसे पहले करने के लिए एक दिन मिल जाए।'

**खास बर्थडे अपने खास के साथ**

उन्होंने आगे लिखा, 'मेरे लिए मेरा जन्मदिन एक खास जगह जैसा है जो मैं चाहती हूं कि पृथ्वी पर मेरे दिन ऐसे हों –एक





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



अच्छा दिन वह है जिसमें मैं कुछ नया सीखने में कुछ समय बिताती हूं, जिसमें मैं अपने शरीर को हिलाती हूं, अपने दिमाग को पोषण देने के लिए समय निकालती हूं, अच्छा ऐसे दिन में खान हमेशा हैवी होता है और उन लोगों के साथ समय बिताती हूं जिन्हें मैं प्यार करती हूं।

**सबा ने ऋतिक को कहा थैंक्स**

इसके अलावा उन्होंने अपने दिन को और खास बनाने के लिए ऋतिक को धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा, श्एक प्लानिंग डे को इतनी खूबसूरती से एक साथ रखने के लिए धन्यवाद रो (हार्ट इमोटिकॉन)। और आप सभी का धन्यवाद जो प्यार, दयालु शब्दों और फूलों के साथ पहुंचे – मेरा घर वसंत ऋतु में एक बगीचे जैसा दिखता है और मेरा दिल भर जाता है।

**सुजैन खान का कहमेंट**

जैसे ही उन्होंने वीडियो शेयर किया, उनके दोस्तों और फैंस ने कमेंट सेक्शन में प्यार की बौछार कर दी। उनके एक फैन ने लिखा, श्मुझे तुमसे बहुत जलन हो रही है! लेकिन साथ ही, आप दोनों को एक साथ देखकर और ऋतिक के जीवन में जो खुशी आप लाते हैं उसकी कल्पना करके मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ जाते हैं। प्यार!श एक ने लिखा, 'आप दोनों को एक साथ देखकर मेरा बूढ़ा दिल कितना खुश हो जाता है, भगवान हमेशा भला करे।' ऋतिक की एक्स वाइफ सुजैन खान ने लिखा, 'भगवान आप दोनों पर आशीर्वाद बनाएं रखें।

# प्रियंका चोपड़ा ने बताया था कि पति के धोखे पर क्या करेंगी

*प्रियंका चोपड़ा आज ग्लोबल आइकन बन चुकी हैं। अपनी कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने न सिर्फ बॉलीवुड में नाम कमाया बल्कि इंटरनैशनल लेवल पर भी जगह बनाई। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी को आज एक आदर्श जोड़ी माना जाता है। भले ही दोनों के बीच उम्र का कुछ फासला है, जिसके कारण एक्ट्रेस पर कई बार सवाल भी उठाए गए। लेकिन एक–दूसरे प्रति प्यार, समर्पण और परवाह ने उस फासले को भी पाट दिया है।*



प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस एक–दूसरे के प्यार में डूबे नजर आते हैं। उनकी एक प्यारी सी बेटी भी है, जिसका नाम मालती मेरी चोपड़ा जोनस है। प्रियंका और निक जोनस के बीच गहरा प्यार है। लेकिन एक बार प्रियंका ने कहा था कि अगर उन्हें पति ने धोखा दिया और चीट किया तो वह उसके साथ क्या करेंगी?

**प्रियंका ने कहा था-पति को किसी और से प्यार हुआ तो...**

उसी बात पर प्रियंका ने खुद का उदाहरण देते हुए कहा था, अगर मेरे पति को किसी दूसरी महिला से प्यार हो गया तो मैं बाय–बाय बोल दूंगी। मेरा मानना है कि लोगों को तभी रिलेशनशिप में रहना चाहिए जब उसमें प्यार हो। एक–दूसरे के लिए सम्मान भी हो। लेकिन सम्मान से पहले प्यार और कंपैनियनशिप होनी चाहिए। अगर आपके पार्टनर को ये चीजें किसी और में मिल गई हैं तो फिर उसे पकड़े रहने का क्या फायदा? मैं ये नहीं कह रही कि छींक मारा तो तलाक। मैं बस एक सिचुएशन की बात कर रही हूं। वो सिचुएशन जब आपका पति किसी और से प्यार करने लगे।

**पति धोखा दे तो उसे पीटना चाहिए**

प्रियंका ने आगे कहा था, अगर पति चीट करे तो पत्नी को उसे पीटना चाहिए। तुम्हें अपनी शादी को बचाने के लिए लड़ना चाहिए। लेकिन तब नहीं, जब उसका दिल आपके साथ न हो। तब न तो आप खुश रहोगी और न ही वह खुश रहेगा। फिर क्या फायदा? आपके आसपास मौजूद हर किसी को समझ आने लगेगा कि आपके बीच कुछ सही नहीं है। क्योंकि आप भी दुखी दिखाई दोगी और आपका पति भी। और जब भी पति का चेहरा देखोगी तो उसे किसी और के साथ ही पाओगी। तो खुद को ऐसी स्थिति में डालना ही क्यों है? आत्म–सम्मान बहुत जरूरी है।

# हाई शुगर बचा सकता है जिंदगी, रिसर्च ने किया खुलासा



**क्यों खतरनाक है पैंक्रियाटिक कैंसर?**

पैंक्रियाटिक कैंसर इसलिए खतरनाक है, क्योंकि यह एक साइलेंट किलर है। अधिकतर लोगों में इसका कोई लक्षण नहीं दिखता है, जिस कारण इसका पता काफी देरी से चल पाता है। पैंक्रियाटिक कैंसर जब लास्ट स्टेज में पहुंच जाता है, तो इसके इलाज की संभावना काफी कम रह जाती है। लेकिन एक ताजा रिसर्च के मुताबिक, कुछ लक्षणों की मदद से इसे शुरुआती स्टेज में ही पकड़ा जा सकता है और इलाज को सफल बनाया जा सकता है।

*कैंसर एक भयंकर बीमारी है, जिसका नाम सुनते ही मरीज की रूह कांप जाती है। हालांकि, समय पर पता चलने पर कैंसर के लक्षणों को काबू में किया जा सकता है। लेकिन, पिछले महीने प्रकाशित हुई एक रिसर्च ने ऐसे कैंसर के बारे में चेतावनी दी है, जो चुपके-चुपके मारता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पैंक्रियाटिक कैंसर का पता लगने के बाद 90 प्रतिशत से ज्यादा लोग 5 साल भी नहीं जी पाते हैं।*

**क्या कहते हैं शोधकर्ता**

एंक्रियाटिक कैंसर एक्शन और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ मिलकर पैंक्रियाटिक कैंसर के बारे में रिसर्च की। प्रमुख शोधकर्ता क्त. ।हदपद्रों स्मउदें का कहना है कि, हाई ब्लड शुगर और अचानक वेट लॉस होना पैंक्रियाटिक कैंसर के 2 प्रमुख शुरुआती लक्षण हैं। लेकिन, हम अभी तक यह नहीं जानते थे कि यह किस समय दिखने शुरु होते हैं। जिस कारण पैंक्रियाटिक कैंसर की आधिकारिक जांच काफी देरी से होती थी और मरीजों को बचाया नहीं जा पाता था। लेकिन यह रिसर्च बताती है कि पैंक्रियाटिक कैंसर के ये शुरुआती लक्षण आखिर कब से दिखने शुरू हो जाते हैं?

**हाई ब्लड शुगर बचाएगा जान**

यह पढ़कर आपको थोड़ा अटपटा लगे, लेकिन हाई ब्लड शुगर (डायबिटीज) इस पैंक्रियाटिक कैंसर से आपकी जान बचा सकता है। क्योंकि, डायबिटीज इसका शुरुआती लक्षण है। जो जांच में इसके पकड़े जाने से करीब 3 साल पहले ही दिख जाता है। यह खुलासा च्स् व्दम जर्नल में प्रकाशित रिसर्च में हुआ है।

**पैंक्रियाटिक कैंसर का शुरुआती लक्षण- तेज वेट लॉस**

रिसर्च डायबिटीज के साथ अचानक और तेजी से वेट लॉस होने को भी इस घातक कैंसर का शुरुआती लक्षण मानती है। शोधकर्ता कहते हैं कि पैंक्रियाटिक कैंसर के कारण मरीजों में अचानक और तेजी से वेट लॉस होने लगता है। स्वस्थ व्यक्ति की तुलना में पैंक्रियाटिक कैंसर के मरीजों का बीएमआई इसकी आधिकारिक जांच से दो साल पहले ही कम हो जाता है। पैंक्रियाज के टिश्यूज में कैंसरीकृत कोशिकाएं विकसित हो जाती हैं, तो उसे पैंक्रियाटिक कैंसर कहते हैं। जब स्मोकिंग इस कैंसर का जोखिम बढ़ा सकती है और इस कैंसर का पता लगाना काफी मुश्किल होता है, जिसके कारण मरीज को पैंक्रियाटिक कैंसर का इलाज समय पर नहीं मिल पाता।



## ठंड की 8 बीमारियों को जड़ से मिटाती है मुलेठी, इन 4 तरीकों से करें उपयोग

सर्दियां आते ही ठंड में होने वाली बीमारियां परेशान करने लगी हैं। हर उम्र के लोगों को गले में सूजन व खांसी-जुकाम हो रहा है। क्योंकि, इस मौसम में तापमान गिरने लगता है और वातावरण में नमी बढ़ जाती है। सर्दी में होने वाली बीमारियों से बचने के लिए लोग दवाएं खाते रहते हैं। यह आदत भी उनके शरीर को नुकसान ही पहुंचाती है। सर्दी में होने वाली आम बीमारियों से बचने के लिए आपको घरेलू उपाय अपनाने चाहिए। जिसमें मुलेठी एक बेहतरीन औषधि है। आयुर्वेद में मुलेठी को 8 बीमारियों के इलाज से जोड़ा गया है। मुलेठी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लामेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण इन बीमारियों को जड़ से खत्म करते हैं और आपको सर्दियों में भी निरोग रखते हैं। घरेलू उपाय के रूप में मुलेठी को इस्तेमाल करने का सबसे आसान तरीका इसका पानी बनाना है। गले का इंफेक्शन, गले में दर्द या सूजन से बचने के लिए रोज मुलेठी का पानी पिएं। इसे बनाने के लिए आप 1 गिलास गुनगुने पानी में 1 चम्मच मुलेठी पाउडर मिला लें और सेवन करें। मुलेठी खाने का सही तरीका क्या है? सर्दी में खांसी मिटाने के लिए मुलेठी की जड़ जबरदस्त घरेलू उपाय है। इसके लिए आप मुलेठी की जड़ कच्ची चबा सकते हैं।

## शाहरुख खान की तस्वीर से किया गया वो मजाक जो हो गया सच

शाहरुख खान उन एक्टर्स की लिस्ट में शुमार होते हैं, जो बढ़ती उम्र के बावजूद यंग एक्टर्स को तगड़ी टक्कर देते हैं। चाहे करियर की बात हो, एक्टिंग की या फिर लुक्स की, किंग खान से मुकाबला कर पाना आसान नहीं है। बीटाउन के सबसे ज्यादा प्यार पाने वाले एक्टर्स में शुमार खान की न जाने कितनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। ऐसी ही एक तस्वीर जब फरवरी 2022 में सामने आई थी, तो वो तेजी से वायरल हो गई थी। हालांकि, बाद में पता चला था कि ये फोटोशॉप की गई इमेज थी। लेकिन कुछ समय बाद जब शाहरुख ने अपनी सिजलिंग तस्वीर इंस्टाग्राम पर डाली, तो इससे मुकरना मुश्किल था कि फोटोशॉप्ड फोटो में भी कितना सच छिपा था। दरअसल, हम उस तस्वीर की बात कर रहे हैं, जिसमें किंग खान को सूट-बूट में स्टाइलिश अंदाज में देखा जा सकता था। हालांकि, जिस वजह से ये फोटो वायरल हुआ था, उसकी वजह शाहरुख के लंबे बाल थे, जो यकीनन 50 की उम्र वाले एक्टर को गजब हैंडसम लुक दे रहे थे।

# 10 मिनट ये एक्सरसाइज करने से मिलेंगे पूरे फायदे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*हम एक्सरसाइज ना करने का बहाना ढूंढते रहते हैं। कभी वक्त की कमी होती है तो कभी जिम में पैसा खर्च करना फिजूल लगता है। लेकिन अब हम आपके लिए ऐसी एक्सरसाइज लेकर आए हैं, जिसे करने के लिए ना ज्यादा वक्त चाहिए और ना ही पैसा खर्च करना होगा। यह स्क्वाट्स (स्क्वैट्स) एक्सरसाइज है, जिसे घर पर रोजाना 10 मिनट करके 15 फायदे प्राप्त कर सकते हैं। पुरुष और महिलाएं दोनों ही स्क्वाट्स करके लाभ पा सकते हैं।*

**नोरा फतेही से लेकर मलाइका अरोड़ा भी करती हैं स्क्वाट्स**

स्क्वाट्स एक्सरसाइज इतनी ज्यादा फायदेमंद है कि सभी बॉलीवुड एक्टर्स और एक्ट्रेस इसे फिटनेस रुटीन में शामिल करते हैं। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और नोरा फतेही की कातिलाना फिगर का राज भी यही बॉडीवेट एक्सरसाइज है। स्क्वाट्स (स्क्वैट्स) करने के लिए आपको किसी टूल की जरूरत नहीं होती है, जिस वजह से आप इसे घर पर आसानी से कर सकते हैं।

**पुरुषों के लिए भी बहुत जरूरी है स्क्वाट्स**

एक्ट्रेस जैसी कातिलाना फिगर स्क्वाट्स का एक फायदा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पुरुषों को यह एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए। बल्कि, यह एक्सरसाइज ज्यादातर पुरुष पहलवान ही करते हैं। जिसे भारत में दंड-बैठक (हिंदू स्क्वाट्स) के नाम से जाना जाता है। इस एक्सरसाइज से पुरुष अपने निचले शरीर की मसल्स को मस्कुलर और ताकतवर बना सकते हैं।

**स्क्वाट्स करने के फायदे - हिप्स की शेप और मजबूती बढ़ती है**

एक्ट्रेस जैसी फिगर पाने के लिए आपको हिप्स मसल्स को मजबूत



बनाना पड़ता है। जिससे उनकी शेप में सुधार आता है। हिप्स या ग्लूट मसल्स आपकी लोअर बॉडी का अहम हिस्सा है। स्क्वाट्स करने से कूल्हों की सभी मसल्स मजबूत बनती हैं।

**पेट को पतला बनाते हैं स्क्वाट्स**

शरीर को फिट बनाने के लिए आपको पेट की चर्बी घटाकर पतला होना पड़ता है। घर पर सिर्फ 10 मिनट स्क्वाट्स करने से कोर मसल्स मजबूत बनती हैं और एक्स्ट्रा फैट बर्न होने लगता है। स्क्वाट्स एक्सरसाइज करने से एब्स बनाने में भी मदद मिलती है।

**ताकतवर और मस्कुलर लेग्स**

अधिकतर लोग अपने शरीर के ऊपरी भाग पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन पैरों को भूल जाते हैं। लेकिन ताकतवर और मजबूत पैर के बिना आपकी फिटनेस अधूरी है। स्क्वाट्स आपके पैर की काल्फ, हैमस्ट्रिंग और क्वाड्स मसल्स पर प्रभाव डालती है, जिससे लेग्स मस्कुलर बनती हैं। यह लेग वर्कआउट की महत्वपूर्ण एक्सरसाइज है।

## इस तरह से नहाते हैं तो तुरंत बदल दें आदत, क्या होता है नुकसान



बचपन से लेकर बड़े होने तक मां, दादी, नानी, सबसे यही सुना होगा कि अच्छे से नहाना, घिस-घिसकर। मगर हम अगर ये कहें कि केयर से भरी ये सलाह असल में आपको कुछ हद तक नुकसान पहुंचा रही है, तो आपका क्या रिएक्शन होगा? ऐसा हम यूं ही नहीं कह रहे हैं, बल्कि डॉक्टर जयश्री शरद ने खुद इस बारे में जानकारी देते हुए लोगों को चेताया है। उन्होंने शेयर किया कि कैसे लूफा से लेकर स्क्रबिंग के लिए दूसरी चीजों का इस्तेमाल त्वचा को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।इतना ही नहीं जिस कालेपन को दूर करने के लिए आप इन तरीकों को यूज कर रहे थे, वो असल में काले धब्बों को और बढ़ा सकता है। आमतौर पर लोग अपनी गर्दन, कोहनी, घुटने या शरीर के किसी भी ऐसे हिस्से को नहाने के दौरान स्क्रब करते हैं, जिन पर उन्हें कालापन नजर आता है। हालांकि, डॉक्टर के मुताबिक, ऐसा करना स्किन को नुकसान पहुंचाता है। जयश्री शरद ने बताया कि लूफा या फिर मेकेनिकल स्क्रब्स से स्किन की सबसे ऊपरी परत को प्रभावित करता है। डॉक्टर ने शेयर किया कि स्किन की टॉपमोस्ट लेयर को जब इस तरह से नुकसान होता है, तो त्वचा यूवी रेज के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाती है।






न्यूजीलैंड ने दिया 186 रन लक्ष्य

फॉर्म में लौटे केन विलियमसन ने 35 गेंद में 61 रन बनाए। विलियमसन ने टूर्नामेंट में पहली बार सौ से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौक और तीन छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 18 गेंद में 32, ग्लेन फिलिप्स ने नौ गेंद में 17 और डेरिल मिशेल ने 21 गेंद में नाबाद 31 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की पारी का सबसे बड़ा आकर्षण विलियमसन का फॉर्म में लौटना रहा।

## वर्ल्ड कप की दूसरी हैट्रिक जोशुआ लिटिल के नाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया में जारी टी–20 वर्ल्ड कप 2022 में शुक्रवार को दूसरी हैट्रिक देखने को मिली। न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आयरलैंड के पेसर लिटिल जोशुआ ने लगातार तीन गेंद में तीन विकेट चटकाए। इससे पहले भी एसोसिएट्स देश यानी यूएई के स्पिनर कार्तिक मयप्पन ने श्रीलंका के खिलाफ हैट्रिक ली थी। लिटिल ने यह कमाल 19वें ओवर में किया, जिससे 200 रन की ओर आसानी से बढ़ती दिख रही न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में 185/6 का स्कोर ही बना पाई। जोशुआ लिटिल ने 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर केन विलियमसन (61) को बैकवर्ड स्क्वैयर लेग में कैच आउट करवाया। अगली गेंद पर जेम्स नीशाम स्टें हुए तो मिचेल सैंटनर उनके लगातार तीसरे शिकार बने, वह भी पगबाधा ही आउट हुए। इस तरह लिटिल मेंस टी–20 विश्व कप मैच में हैट्रिक लेने वाले कुल छठे गेंदबाज भी बन गए हैं। लिटिल ने अपने चार ओवर के कोटा में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। भारतीय मूल के खिलाड़ी कार्तिक मयप्पन ने संयुक्त अरब अमीरात की ओर से खेलते हुए इस विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ जीलॉन्ग में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने।

# न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

## आयरलैंड की टीम इस टी20 वर्ल्ड कप से बाहर

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

एडिलेड। केन विलियमसन की कप्तानी पारी के दम पर न्यूजीलैंड की टीम ने अपने आखिरी ग्रुप मैच में आयरलैंड की टीम को 35 रन से हराने में सफलता अर्जित की। कीवी टीम ने इस जीत के साथ ही इस टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली साथ ही टी20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम भी बन गई। वहीं इस हार के बाद आयरलैंड की टीम इस टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई।

इस मुकाबले में आयरलैंड की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। इसके बाद कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 185 रन बनाए। इस टीम की तरफ से कप्तान केन विलियमसन ने सबसे बेहतरीन पारी खेली और 35 गेंदों




पर 3 छक्के व 5 चौकों की मदद से 61 रन बनाए। केन के अलावा फिन एलन ने 32 रन, डेवोन कोनवे ने 28 रन, ग्लने फिलिप्स ने 17 रन जबकि डेरिल मिचेल ने 31 रन की पारी खेली।

आयरलैंड की टीम को जीत के लिए 186 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन ये टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 150 रन ही बना पाई और उसे 35 रन से हार मिली। न्यूजीलैंड की तरफ से लाकी फर्ग्यूसन ने तीन, टिम साउथी, मिचेल सैंटनर व ईश सोढ़ी ने दो–दो सफलता हासिल की।

वहीं केन विलियसमन को उनकी इस शानदार पारी के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया। आयरलैंड की तरफ से पाल स्टारलिंग ने सबसे ज्यादा 37 रन की पारी खेली जबकि कप्तान बालबर्नी ने 30 रन का योगदान दिया।

कीवी टीन ने अपने 5 ग्रुप मैच में तीन मैच जीते जबकि एक में उसे हार मिली और एक मैच बारिश की वजह से नहीं खेला जा सका। इन मैचों में उसे 7 अंक मिले और वो फिलहाल पहले नंबर पर आ गई। हालांकि इस ग्रुप में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के भी 5–5 अंक हैं और अगर दोनों टीमें अपने–अपने मुकाबले जीत भी जाते हैं तो न्यूजीलैंड का नेट रन रेट इतना बेहतरीन है कि इस टीम को पीछे छोड़ने इनके लिए आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में कीवी टीम इस टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

## सिलेक्शन न होने पर गुस्सा थे शमी 100 गीली गेंदों पर निकाली भड़ास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

एडिलेड। पिछले एक साल से टी–20 टीम से बाहर मोहम्मद शमी खेलने के लिए मानसिक रूप से हमेशा तैयार थे क्योंकि टीम मैनेजमेंट और उनके बीच संवाद बना हुआ था। शमी ने आखिरी टी–20 इंटरनैशनल मैच पिछले साल यूएई में वर्ल्ड कप के दौरान खेला था जिसके बाद तय किया गया कि वह टेस्ट और वनडे ही खेलेंगे। जसप्रीत बुमराह के फ्रैक्चर, दीपक चाहर को लगी चोट और अवेश खान की खराब फॉर्म के कारण टीम मैनेजमेंट को मौजूदा टी–20 वर्ल्ड कप में शमी को बुलाना पड़ा। कोच मोहम्मद बदरुद्दीन ने बताया कि वर्ल्ड कप में न चुने जाने पर मोहम्मद शमी गुस्सा थे, लेकिन

### मोहम्मद शमी दोबारा बने भारत के मैच विनर

इसे जाहिर नहीं किया। पिछले साल हुए टी–20 वर्ल्ड कप में शमी का प्रदर्शन साधारण ही रहा था। मगर उन्होंने आईपीएल में धमाका किया। बुमराह के इंजर्ड होने पर ही उन्हें चुना गया। बदरुद्दीन बताते हैं कि, 'फ्लड लाइट्स के नीचे ओस से भीगे मैदान वाले हालातों पर वह सटीक यॉर्कर्स मारना चाहता था। अमरोहा और मुरादाबाद के बीच पड़ने वाले अपने गांव सहसपुर, अलीनगर की खेतों में प्रैक्टिस की, जहां पिच और मैदान तैयार है।

बदरुद्दीन ने बताया, हमने लगभग 100 गीली गेंदें रखीं और वह बिना रुके गेंदबाजी करता था। गीली गेंद को पकड़ना मुश्किल होता है, यह वह जगह है जहां कौशल काम आता है। शमी को अपनी कला में महारत हासिल करने के लिए औसतन रोजाना सौ गेंदें फेंकनी पड़ी।

इंग्लैंड दौरे के बाद से टीम से बाहर शमी को साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी–20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया, लेकिन फिर वह कोरोना संक्रमण का शिकार हो गए। शमी ने कहा, 'एक फॉर्मेट से दूसरे के अनुकूल ढलना हमेशा आसान नहीं होता। यह इस पर निर्भर करता है कि टीम से आपका तालमेल कितना है। मैं पिछले टी–20 वर्ल्ड कप के बाद टी–20 खेल रहा हूं और यह सही है कि खिलाड़ी को आत्मविश्वास की जरूरत होती है। इसके साथ ही अभ्यास बनाए रखना जरूरी है।'

## सेमीफाइनल और फाइनल मैच को लेकर बदल गया नियम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का रोमांच इस वक्त पूरी दुनिया पर छाया हुआ है और अभी सुपर 12 के मुकाबले खेले जा रहे हैं। कुल 12 टीमों में से चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और इनमें से दो टीम फाइनल में पहुंचेगी। अब आइसीसी ने इस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले से पहले अपने एक नियम में बदलाव किया है। पहले ऐसा होता था कि अगर बारिश या अन्य किसी कारण से मैच पूरा नहीं हो पाता था, और दोनों टीमें कम से कम 5–5 ओवर खेल चुकी होती थीं तो मैच का फैसला डकवर्थ–लुईस के नियम के आधार पर कर दिया जाता था। वहीं अब इस टी20 वर्ल्ड कप के लिए आइसीसी ने अपने नियम में बदलाव किया है और उसका कहना है कि इन मैचों में कम से कम 10 ओवर खेले जाएंगे तभी डकवर्थ–लुईस नियम के आधार पर फैसला किया जाएगा। यानी अब 5 की जगह 10 ओवर का मैच होने के बाद ही ये नियम लागू किया जाएगा। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के दौरान कई मैच बारिश की वजह से रद्द कर दिए गए और दोनों टीमों में बराबर अंक बांट दिए गए थे।

## न्यूज डायरी






### पाकिस्तान से एशिया कप की मेजबानी छीनने की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और विश्व विजेता कप्तान इमरान खान पर गुरुवार को जानलेवा हमला हो गया। विरोध मार्च के दौरान पंजाब प्रांत में उनके कंटेनर–ट्रक पर अज्ञात हमलावर ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। इस हमले में इमरान के पैर में गोली लगी है। इस घटना के बाद एकबार फिर क्रिकेट बिरादरी पाकिस्तान जाने से कतरा रही है। भारत में तो एशिया कप 2023 के बहिष्कार की मांग उठने लगी है। इंडियन फैंस डिमांड करने लगे हैं कि अगले साल होने वाले एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तानी से छीनी जाए। साथ ही टूर्नामेंट को किसी ऐसे तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जाए, जहां सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद हो। यह हमला तब हुआ, जब 1992 में पाकिस्तान को अपने पहले विश्व कप खिताब के लिए नेतृत्व करने वाले इमरान खान वजीराबाद में अपने राजनीतिक दल, पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ की एक रैली का नेतृत्व कर रहे थे और अपने अभियान के हिस्से के रूप में सरकार को जल्दी चुनाव कराने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से राजधानी इस्लामाबाद की ओर जा रहे थे।

### कौन हैं सेहर शिनवारी जो भारत की हार पर रचाएंगी शादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 में सुपर–12 राउंड अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कई टीमों के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने का समीकरण काफी पेचीदा हो गया है, जिसमें पाकिस्तानी टीम भी शामिल है। पाकिस्तान ने हालांकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीत हासिल कर अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है लेकिन उसके लिए किसी बड़े उलटफेर की जरूरत होगी। हालांकि ये तो अभी खेले जाने वाले मुकाबलों के बाद ही साफ हो पाएगा कि कौन सी टीम फाइनल में पहुंचती है लेकिन उससे पहले पाकिस्तान की एक खूबसूरत एक्ट्रेस सेहर शिनवारी अपने एक बयान से खूब सुर्खियां बटोर रही है। पाकिस्तानी की जानी मानी एक्ट्रेस सेहर शिनवारी ने अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को एक अजीबो गरीब प्रस्ताव दे दिया। ऐसे में क्रिकेट फैंस में यह जानने की उत्सुकता बढ़ गई है कि आखिरी सेहर शिनवारी ने जिम्बाब्वे को ऐसा क्या ऑफर दिया है और वह कौन हैं।

### गेरार्ड पिक ने 35 साल की उम्र में फुटबॉल से लिया संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्पेन स्टार डिफेंडर गेरार्ड पिक ने अपने शानदार करियर को विराम देते हुए फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी है। 35 साल जेरार्ड ने ट्विटर पर पोस्ट इसकी जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, शनिवार का मैच कैंप नोउ में मेरा आखिरी मैच होगा। गेरार्ड का फुटबॉल करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। बार्सिलोना का यह डिफेंडर अपने क्लब के लिए खेलते हुए तीन चौंपियंस लीग खिताब और स्पेन के साथ 2010 विश्व कप खिताबी जीत का सदस्य रहा है। इसके अलावा वह यूरो 2012 के विजेता टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। गेरार्ड ने साल 2009 में स्पेन के लिए अपना डेब्यू किया था। डेब्यू के बाद से वह अपने नेशनल टीम के लिए 100 से भी अधिक मैचों में मैदान पर उतर चुके हैं। 2010 में दक्षिण अफ्रीका में स्पेन ने फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप जीता था। उन्होंने टीम को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### साउथ अफ्रीका से जीतकर सेमीफाइनल में अब इस तरह पहुंचेगा पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 का लीग स्टेज अब अपने रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। टूर्नामेंट नॉकआउट स्टेज में पहुंचने वाला है। हालांकि अभी तक सेमीफाइनल में के लिए कोई भी टीम क्वालीफाई नहीं कर सकी है। इसके पीछे कारण है दोनों ग्रुप में हुए बड़े उलटफेर, जिसका शिकार इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी टीम बनी है। इसके अलावा रही सही कसर बारिश ने पूरी कर दी जिसके कारण समीकरण अब बदल गया है। ऐसे में बात करते हैं ग्रुप–2 की एक सबसे मजबूत टीम पाकिस्तान की जिसे शुरुआत के दो मैचों में भारत और जिम्बाब्वे से करारी हार का सामना करना पड़ा था लेकिन अब लगातार दो मैचों में जीत दर्ज कर उसने अपने सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा कर दिया।

पेज थ्री देहरादून

दूर में आकाश तत्व पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल।





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 12 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। सचिव/वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अवगत कराया है कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा 12 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है जिसमें फौजदारी के शमनीय वाद,. धारा 138 एन. आई. एक्ट से सम्बन्धित वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धित वाद, वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालयों के वाद, श्रम सम्बन्धित वाद, भूमि अर्जन के बाद, दीवानी वाद,राजस्व सम्बन्धित वाद, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामले,. वेतन–भत्तों एवं सेवानिवृत्ति से सम्बन्धित वाद,घन वसूली से सम्बन्धित वाद, अन्य ऐसे मामले जो सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित हो सके को अधिक से अधिक वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जाने का लक्ष्य है।

### खेलों को लेकर सरकार गंभीर–रेखा आर्य

**संवाददाता** देहरादून। खेलने से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहता है। ऐसे में सरकार खेलों को लेकर बेहद गंभीर है। खिलाड़ियों को हर तरह से बढ़ावा और प्रोत्साहन दिया जाएगा। ये बात खेल मंत्री रेखा आर्य ने शुक्रवार को परेड ग्राउंड स्थित बहुद्देशीय क्रीड़ा हाल में शुरू हुई मास्टर्स ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुभारंभ पर कही। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का ये आयोजन वाकई सराहनीय हैं, ऐसे आयोजनों से निश्चित रूप से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरने के साथ ही उनका शरीर स्वस्थ्य और निरोगी रहता है।

### दून में आकाश तत्व पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल ले.ज. (सेनि) गुरमीत सिंह ने नेशनल कांफ्रेंस ऑफ एजुकेशन ऑन आकाश तत्व का शुभारंभ किया। उत्तरांचल यूनिवर्सिटी प्रेम नगर में राज्यपाल ने इस प्रदर्शनी और कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए उम्मीद जताई कि नई पीढ़ी पृथ्वी के मूल तत्व के विषय में वैज्ञानिक विश्लेषण करने में सक्षम होगी। उसकी कई भ्रांतियां भी इसे लेकर दूर होंगी।

### यूफी बाई अंकर लॉन्च करेगा भारत का पहला सेल्फ–क्लीनिंग वॉक्यूम मॉप

**संवाददाता** देहरादून। अपने स्मार्ट क्लीनिंग सोल्यूशंस के लिए मशहूर यूफी बाई अंकर ने भारत में रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर्स की अपनी रेंज को मजबूत करने की योजना की घोषणा की। कंपनी अगले महीने भारत का पहला सेल्फ–क्लीनिंग वैक्यूम मॉप, वेटवैक डब्ल्यू31 लॉन्च करेगी। कंपनी की मौजूदा वैक्यूम क्लीनर की रेंज, जी10, जी30 और 35सी में यह वैक्यूम क्लीनर शामिल होगा।

# 2025 तक सवा लाख महिलाएं होंगी मालामाल

**शुभारंभ**

■ मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी योजना का किया शुभारंभ



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सर्वे ऑफ इण्डिया ग्राउण्ड, हाथीबड़कला में आयोजित "लखपति दीदी मेला" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से एक वर्ष में एक लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित करने वाली महिलाओं को "लखपति दीदी" के रूप में सम्मानित किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को लोकपर्व इगास और बूढ़ी दिवाली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि वर्ष 2025 में जब हमारा राज्य अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष माना रहा होगा, तब तक हम अपने प्रदेश की सवा लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का कार्य करेंगे। यह प्रयास निश्चित रूप से महिलाओं के आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में महिला शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महिला सशक्तिकरण के बिना एक आदर्श समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए अनेक प्रयास कर रही हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों को 05 लाख रूपये तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों को जोड़कर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत गांव माणा में प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी देशवासियों एवं श्रद्धालुओं से आह्वाहन किया कि अपने यात्रा खर्च का 5 प्रतिशत धनराशि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे हमारे स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा और मातृ शक्ति की आजीविका में भी तेजी से वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत में मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मातृभूमि और मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास के प्रति सजगता का अनूठा उदाहरण यदि किसी ने दिया है तो वह पीएम मोदी ने दिया है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में महिला उत्थान की भावना को सर्वोपरि रखते हुए उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विशेष योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप आज महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार द्वारा राज्य में ऐसी अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है, जिससे हर वर्ग के लोगों को आज स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही सरकार: जोशी

ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि मातृ शक्ति सशक्त होगी तो पूरा समाज सशक्त होगा। लखपति दीदी योजना के माध्यम से राज्य की मातृ शक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हर प्रयास किये जायेंगे। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का आम जन तक अधिक से अधिक लाभ पहुंचे, इसके लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। ग्राम्य विकास विभाग के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं।

# परंपराओं व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए आगे आए युवा

**शुभकामनाएं**

■सीएम ने गौ–पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी के साथ इगास के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में गौ–पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख– समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने देवउठनी एकादशी के इस पावन अवसर पर तुलसी पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गाय सनातन संस्कृति के साथ ही समस्त मानव जाति के लिए पूजनीय और आदरणीय है। भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गाय को सुख, सौभाग्य व समृद्धि प्रदान करने वाली तथा समस्त मनोकामनाएं को पूर्ण करने वाली माना गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने इगास की बधाई देते हुए लोक पर्व इगास को उत्साह के साथ मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने विशेषकर प्रदेश की युवा पीढ़ी का आह्वान किया है कि वे अपनी प्रकृति–प्रेमी एवं पर्यावरण हितैषी परंपराओं व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए आगे आएं। उन्होंने अपील की है कि सभी अपने गांवों में त्योहार को पारंपरिक रूप से मनाएं और प्रवासियों को भी प्रेरित करें।

गौरतलब है कि इगास पर्व को लेकर अलग–अलग मान्यताएं हैं। कई क्षेत्रों में मान्यता है कि भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास से अयोध्या लौटने की सूचना 11 दिन बाद मिलने के कारण दिवाली के 11वें दिन पर्व मनाया जाता है। वहीं कई जगह कहा जाता है कि वीर माधो सिंह भंडारी तिब्बत युद्ध पर गए थे और दिवाली तक लौटे नहीं। ऐसे में क्षेत्र में दिवाली नहीं मनाई गई। इसके बाद वीर माधो सिंह भंडारी दिवाली के 11वें दिन युद्ध जीतकर लौटे तो उनके लौटने की खुशी में क्षेत्रभर में धूमधाम से दिवाली मनाई गई।

### देवोत्थान एकादशी पर प्रभात फेरी का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। श्री श्याम सुन्दर मन्दिर पटेल नगर में इगास एवम देवोत्थान एकादशी के पावन पर्व पर सुबह प्रभात फेरी एवम् भजन कीर्तन कर सर्व मंगल कामना की गई। सुबह प्रभात फेरी पटेल नगर क्षेत्र का भ्रमण कर मंदिर पहुंची। भजन गायकों प्रेम भाटिया, भूपेन्द्र चड्ढा, गोविंद मोहन, चंद्र मोहन आनन्द, गौरव कोहली, ओम प्रकाश सूरी, सुरेंद्र बागला, कपिल गोगिया ने राधा कौन से ऐसे पुण्य किए हरि रोज तुम्हारे घर आते हैं.., किस रंगिया दुपट्टा मैया तेरा ऐ गुलानारी किस रंगिया रंगिया.., जय जय तुलसी जय जय राम.. आदि भजन सुनाकर भाव विभोर कर दिया। मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र चड्ढा ने बताया कि 8 नवंबर को चंद्र ग्रहण के कारण कार्तिक पूर्णिमा पर बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा के रूप में विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी। मंदिर में शालिग्राम तुलसी विवाह किया गया। आज के दिन से शुभ मुहूर्त शुरू हो जाते है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।